मनमानी नियमों को दरकिनार कर की जा रही तौल, अवैध वूसली से किसान हो रहे परेशान

धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से हो रही लूट

नवभारत, बाकल। जिले बहोरीबंद तहसील क्षेत्र के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों के साथ खुलेआम आर्थिक शोषण किए जाने का गंभीर मामला सामने आ रहा है। केंद्रों पर पदस्थ प्रभारी एवं कर्मचारी प्रशासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी तौल और अवैध वसूली में संलिप्त हैं। यह स्थिति अब किसानों के लिए असहनीय बनती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा प्रति कट्टी 40 किलो 700 ग्राम धान की तौल निर्धारित की गई है, किंतु उपार्जन केंद्रों पर किसानों से 41 किलो 200 ग्राम प्रति कट्टी धान तौला जा रहा है। इतना ही नहीं, किसानों द्वारा लाई गई फसल की तुलवाई के नाम पर प्रति कट्टी 4 रुपये की अवैध वसूली भी की जा रही है। इसके बाद भी संबंधित

कर्मचारियों का मन नहीं भरता, तो हर 100 कट्टी पर एक अतिरिक्त कट्टी, यानी लगभग 41 किलो 200 ग्राम धान जबरन ले लिया जाता है। इस तरह की अनियमितताओं को लेकर किसानों में भारी नाराजगी है। धान उपार्जन केंद्रों पर हो रही इस प्रकार की धांधली को लूट कहना किसी भी दृष्टि से अतिशयोक्ति नहीं होगी। हालात यह हैं कि किसी एक केंद्र का नाम लेना भी उचित नहीं, क्योंकि यह प्रक्रिया लगभग सभी उपार्जन केंद्रों में समान रूप से और वर्षों से जारी बताई जा रही है। इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह मौन बने हुए हैं। न तो नियमित निरीक्षण हो रहा है और न ही शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। इससे केंद्रों पर पदस्थ कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर किसानों का शोषण कर रहे हैं। नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर कई किसानों ने बताया कि हर वर्ष खरीदी के मौसम में इसी तरह उनसे अनाप-शनाप वसूली की जाती है। किसानों का कहना है कि वे चाहकर भी अपनी समस्या किसी से खुलकर कह नहीं पाते। यदि कोई किसान अधिकारी से शिकायत करता है या आवाज उठाने की कोशिश करता है, तो उसे तौल में देरी, तौल पर्ची अटकाने, धान कंप्यूटर पर न चढ़ाने, फसल रिजेक्ट करने या अन्य तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों का यह भी कहना है कि अपनी उपज बेचने के लिए वे उपार्जन केंद्रों पर निर्भर हैं और इसी मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। परिणामस्वरूप किसान पूरी प्रक्रिया में खुद को घनचक्कर और असहाय महसूस कर रहा है। प्रशासन इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर उच्चस्तरीय जांच कराए, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करे और उपार्जन केंद्रों पर पारदर्शी तौल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनके हक का पूरा मूल्य मिल सके। खरीदी केंद्रों में व्यापारियों का दबदबा देखा जा रहा है। वहीं इस मामले में कनिष्ठ खाद्य अधिकारी पीयूष शुक्ला का कहना है कि धान में नमी के कारण हो सकता है ज्यादा धान ले रहे होंगे, 4 रुपए प्रति कट्टी नहीं ली जा रही है, ट्रॉली से लाने वाले किसानों से उसकी अनलोडिंग राशि ली जा रही है। 100 कट्टी में 1 कट्टी धान लिए जाने की कोई शिकायत आएगी तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

मानसिक तनाव और थकान को कम करता है योग

पुलिस लाइन में हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन

नवभारत, कटनी। झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में जिला पुलिस बल के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने उपस्थित पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा एक चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण कार्य है, ऐसे में पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ध्यान और योग जैसी विधियां तनाव, दबाव, मानसिक थकान को कम कर मानसिक शांति, एकाग्रता और बेहतर निर्णय क्षमता विकसित करने में सहायक होती हैं। पुलिसकर्मियों को सामूहिक रूप से ध्यान कराया गया और ध्यान से होने वाले शारीरिक, मानसिक फायदों की जानकारी दी गई। बताया गया कि ध्यान से मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच, कार्यक्षमता में वृद्धि होती है, जिससे पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते हैं। हार्टफुलनेस ध्यान विधि के अंतर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा रिलेक्सेशन, क्लीनिंग प्रक्रिया और आत्म-जागरूकता के अभ्यास कराए गए। इस विधि का उद्देश्य मानसिक स्पष्टता, शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना था।

एक नजर में

डेढ़ लाख रूपए की महुआ लाहन और शराब जब्त

नवभारत, कटनी। जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय और परिवहन पर रोक लगाए जाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के खिरवा, बसेड़ा, ठिर्री, झिर्री, देहरी और विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम बराती ताल, शांतिनगर, जंगल पुरैनी, जिवारा, देवराकला में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने मौके से 1 लाख 42 हजार 275 रुपए मूल्य का महुआ लाहन जब्त किया। जिसके कारण महुआ लाहन को सैंपल लेकर उसे नष्ट कर दिया गया है। आबकारी विभाग ने इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत 13 मामले दर्ज किए हैं। इसके अलावा ढीमरखेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खिरवा, बसेड़ा, ठिर्री, झिर्री और देहरीदबिश के दौरान 35 पाव देशी शराब, 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और प्लास्टिक के गुम्मो में लगभग 150 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। आबकारी विभाग ने 6 मामले दर्ज किए हैं। जब्त शराब और महुआ लाहन की कीमत करीब 19 हज़ार 875 रुपए है । कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, मंशा राम उइके, ढीमरखेड़ा प्रभारी प्रवीण रतन बरकड़े, आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके, अतुल कुटार, आंचल प्रजापति सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। वहीं विजयराघवगढ़ वृत्त में कार्रवाई के दौरान प्रभारी केशव उइके के नेतृत्व में टीम द्वारा ग्राम बराती ताल, शांतिनगर, जंगल पुरैनी, जिवारा, देवराकला में दबिश दी गई। दबिश कार्रवाई के दौरान 6 लीटर हाथ भट्टी शराब और 810 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आबकारी की टीम ने सात मामले दर्ज किए हैं। मौके पर सेंपल लेकर महुआ लाहन नष्ट कर दिया गया है। जब्त की गई शराब और महुआ लाहन करीब 1 लाख 22 हजार 400 रूपए है। आबकारी विभाग के अधिकारी ने बताया कि शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। शराब के अवैध कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई होगी।

27 को होगा मेडीकल कॉलेज का भूमिपूजन

कार्यक्रम में शामिल होंगे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री

नवभारत, कटनी। जिले में 27 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रवास पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन करेंगे। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के करकमलों से होने जा रहे भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि भूमि पूजन के साथ ही इसके निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न सिर्फ कटनी बल्कि आसपास के जिलों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, वहीं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नई पहचान मिलेगी। इससे मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने से की परेशानी से राहत मिलेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि सांसद, विधायकों, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित जिले के सभी जनप्रतिनिधियों की मेहनत और लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप कटनी को मेडिकल कॉलेज की यह बड़ी सौगात मिली है।

पुस्तक मेले में होगा साहित्य, संस्कृति और स्वदेशी का संगम, मिलेगा अभिव्यक्ति का मंच

24 से साधूराम स्कूल में लगेगा पांच दिवसीय पुस्तक मेला

नवभारत, कटनी। मोबाहल के इस युग में पुस्तकों के प्रति लोगों का रूझान बढ़े और प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान समसामयिक विषयों की जानकारी हो इसके लिए पांच दिवसीय पुस्तक मेला और साहित्य महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। पांच दिवसीय पुस्तक मेले का उद्घाटन 24 दिसंबर 2025 की शाम साढ़े चार बजे साधूराम उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख श्रीमान नरेन्द्र सिंह ठाकुर, मुख्य अतिथि के रूप में रीवा के अवधेश

प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ राजेन्द्र कुमार कुररिया मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्ष कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा की जाएगी। 25 दिसंबर को दोपहर एक बजे से पुस्तक विमोचन, पुस्तक समीक्षा और साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश उर्दु अकादमी संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ नुसरत मेहदी, मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र प्रचार प्रमुख श्रीमान कैलाश चंद्र शामिल होंगे। 25 दिसंबर को ही शाम पांच बजे से काव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में मप्र शासन के साहित्य अकादमी निदेशक श्रीमान प्रकाश दुबे, मुख्य वक्ता के रूप में मध्य क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक श्रीमान प्रेमशंकर सिदार और विशिष्ट अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ राजेश वर्मा शामिल होंगे। 26 दिसंबर को मातृभाषा मंच कार्यक्रम और बोली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में दिल्ली नोयडा के वरिष्ठ लेखक श्री अवधेश झा, मुख्य वक्ता के रूप में सागर के रानी आवंतीबाई लोधी विश्वविघायल के कुलगुरू डॉ विनोद मिश्रा और सिंधी अकादमी भोपाल के निदेशक श्री राजेश वाधवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 27 दिसंबर की शाम पांच बजे से पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्रीमान प्रियंक कानूनगो, मुख्य वक्ता के रूप में महाकौशल के सह प्रांत प्रचार प्रमुख श्रीमान शिवनारायण पटैल शामिल होंगे। साहित्य महोत्सव का समापन कार्यक्रम रविवार 28 दिसंबर को शाम पांच बजे से किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाबी साहित्य अकादमी के निदेशक श्रीमान सरदार अजीत सिंह नैयर, मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के प्रांत कार्यवाह श्रीमान उत्तम बैनजी शामिल होंगे। पुस्तक मेला के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जाएगा। जिसमें 25 दिसंबर को कलश सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता होगी। 26 दिसंबर राम मंदिर, तार्थ स्थान चित्रकला का आयोजन होगा। साथ ही एआई के फायदे और नुकसान विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

परिवहन विभाग की टीम ने की वाहनों की जांच, वसूला 1 .97 लाख का जुर्माना

23 वाहनों का काटा चालान, 6 वाहनों को किया गया जब्त

नवभारत, कटनी। परिवहन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। छह दिवसीय इस अभियान के दौरान 23 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1,97,820 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश और कलेक्टर के मार्गदर्शन में यह सघन चेकिंग अभियान 13 दिसंबर से 18

दिसंबर 2025 तक जिले के विभिन्न मार्गों पर चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और बिना वैध दस्तावेज, परमिट या टैक्स चुकाए चल रहे वाहनों पर अंकुश लगाना था। परिवहन विभाग की टीम ने कटनी-मैहर और कटनी-जबलपुर जैसे व्यस्त मार्गों पर जांच की। कुल 138 वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की गई। इनमें से 23 वाहनों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर तत्काल शमन शुल्क लगाया गया। कटनी-मैहर मार्ग पर थाना कुठला क्षेत्र में सबसे अधिक जुर्माना राशि वसूल की गई। अभियान के दौरान कुल 6 वाहन जब्त भी किए गए। इनमें कटनी-जबलपुर मार्ग पर बिना वैध परमिट के चल रही बस को जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा कराया गया।

नियमों का उल्लंघन करने पर एक ऑटो रिक्शा को भी जब्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। इसका उद्देश्य सिर्फ राजस्व वसूली नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना भी है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तेवरी गांव के पास हुआ हादसा

नवभारत, कटनी। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के बाईपास में शनिवार दोपहर मोटर साइकिल सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ट्रक बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने बताया कि जबलपुर जिले के सिहोरा थाना क्षेत्र के बरगी मोहल्ला निवासी राजू पिता मुन्नीलाल कोल (35 वर्ष) अपने साथी के साथ लाल रंग के मोपेड वाहन से अपने घर से कटनी स्थित पीर बाबा के पास अपनी ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान तेवरी बाईपास के पास खेल पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों युवकों की मौत हो गई।

हादसे की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

नियमित गश्त करें पुलिस, मजबूत करें सुरक्षा भावना

पुलिस अधीक्षक ने कुठला थाने का किया अकस्मिक निरीक्षण

नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार रात कुठला थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की गणना ली। इस दौरान पुलिस कर्मियों की उपस्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्त, सघन चेकिंग,

पैदल भ्रमण और पुलिस विजिबिलिटी बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की सतत उपस्थिति से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकता है।

शिविर में भरवाए स्वनिधि योजना के फार्म, बैंकों को भेजे आवेदन

पथ व्यवसायियों को दिया जा रहा स्वनिधि योजना का लाभ

नवभारत, कटनी। नगर निगम सीमा अंतर्गत सड़क पर छोटा व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय को सुदृण करने और जीवनस्तर में सुधार लाते हुए आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास शिविर का आयोजन किया। शिविर में 21 पात्र हितग्राहियों को स्वीनिधि योजना के तहत आवेदन

पत्र भरकर ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को भेजा गया है। योजना प्रभारी यश रजक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत पात्र पथ विक्रेताओं को चरणबद्ध रूप से बिना गारंटी के आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रथम चरण में 15 हजार रुपए, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपए और तीसरे चरण में 50 हजार रुपए तक का ऋण दिया जाता है। यह राशि पथ विक्रेताओं के व्यवसाय को बढ़ाने, सामग्री खरीदने और आय के बेहतर साधन विकसित करने में सहायक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपना आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर, बैंक खाता नंबर, समग्र आईडी और पथ विक्रेता पंजीयन की प्रतिलिपि आवश्यक है। नगर निगम द्वारा 24 दिसंबर तक जोनवार आयोजित किए जा रहे शिविरों की श्रृंखला में सोमवार 22 दिसंबर और मंगलवार 23 दिसंबर को दुर्गा चौक खिरहनी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने की कार्रवाई की जाएगी। शिविर में आवेदन भरकर बैंकों को भेजा जाएगा।

जागरूकता साइबर सुरक्षा और जागरूकता अभियान के तहत नेचर स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम, छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी

अज्ञानता और बहकावे में लिए गए एक गलत निर्णय से अंधकार में जा सकता है छात्रों का भविष्य

नवभारत, कटनी। डिजिटल युग में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी और नाबालिगों से जुड़े कानूनी जोखिमों के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में नेचर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर सुरक्षा और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, साइबर सेल और कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, आरक्षक चंदन प्रजापति,

और आरक्षक विपिन गुप्ता की उपस्थिति रही। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सरल भाषा और वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से साइबर फ्रॉड कॉल, फिशिंग लिंक, फर्जी लिंक से ठगी करने वालों से कैसे बचा जाए। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराधों की पहचान मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और सुरक्षित ऐप डाउनलोड की अनिवार्यता के संबंध में जानकारी दी गई। नगर पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर और चंदन प्रजापति द्वारा वास्तविक मामलों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि किस प्रकार लकी ड्रॉ, डिजिटल अरेस्ट और नकली कॉल के माध्यम से ठग लोगों को भयभीत कर ठगी करते हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि खाते से पैसा निकल जाए तो घबराएं नहीं, तत्काल 1930 पर कॉल करें, ताकि गोल्डन आवर में राशि को रोका जा सके। अनजान लिंक, गेम, संदिग्ध ऐप से दूरी बनाए रखने के लिए छात्रों से कहा गया। ऑनलाइन गतिविधियों पर अभिभावकों को नियमित निगरानी रखने के लिए कहा गया है। कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन चलाने के गंभीर दुष्परिणाम और अभिभावकों की कानूनी जिम्मेदारी की जानकारी दी गई। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नाट्य मंचन के माध्यम से सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव, समय की बर्बादी, सीमित और सुरक्षित उपयोग का प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नाबालिक बालक-बालिकाओं को मोबाइल का सावधानीपूर्वक और जिम्मेदारी से उपयोग करने की समझाइश दी गई। छात्रों को बताया गया कि अज्ञानता या बहकावे में लिया गया एक गलत निर्णय भविष्य को अंधकारमय बना सकता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनने का प्रेरक संदेश दिया गया।

शासकीय आईटीआई में युवा संगम का आयोजन 26 को

नवभारत, कटनी। युवाओं को रोजगार,स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार 26 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आईटीआई रोशन नगर में युवा संगम का आयोजन किया गया है। जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिए रोजगार, स्व-रोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। स्वरोजगार के लिए आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए। ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा भी युवाओं को जानकारी देकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस युवा संगम रोजगार मेले में 8 वीं से स्नातक,आईटीआई,डिप्लोमा उत्तीर्ण युवक जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष हो, वह अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति और मूल निवासी के प्रमाण पत्र, पासपोर्ट फोटो अनिवार्य है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024